# पेसो, नागपुर की विशेष उपलब्धियां

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (न.रा.का.स.)(का-1), नागपुर के तत्वावधान में दिनांक 26.02.2016 को पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि., नागपुर के प्रेक्षागृह में आयोजित न.रा.का.स. पुरस्कार वितरण में कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पेसो, नागपुर को पावरग्रिड के कार्यपालक निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष श्री एस.के. गुप्ता, द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **द्वितीय पुरस्कार, पेसो न्यूज लेटर हेतु द्वितीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 14 हेतु विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया**





इन पुरस्कारों को डॉ. एस. कमल, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, श्री योगेश खरे, विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा ग्रहण किया गया।






इस अवसर पर नराकास संपादक मंडल एवं कार्याकारी सदस्या के रूप में संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया।






इस समारोह में पेसो द्वारा आयोजित अंतर्कार्यालयीन प्रतियोगिता "चित्र पर आधारित काव्य लेखन" के विजेताओं को संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए ।

*****

# पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) की भूमिका

अग्नि और विस्फोटों से जनजीवन तथा सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, संगठन को एक संविधिक प्राधिकरण के रूप में, विस्फोटक अधिनियम, 1884, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934, तथा इन अधिनियमों के तहत बनाए गए विभिन्न नियमों के अंतर्गत जिम्मेदारियां सौंपी गई है ।

## कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक,पेसो, नागपुर की राजभाषायी गतिविधियाँ

पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो), नागपुर अपने पाँच अंचल कार्यालय तथा अठारह उप-अचंल कार्यालय, विभागीय परीक्षण केंद्र तथा आतिशबाजी अनुसंधान तथा विकास केंद्र के साथ भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य का पूर्ण अनुपालन हेतु समन्वित प्रयास करता हैं । संगठन के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक डा. एस. कमल के नेतृत्व में यह कायार्लय पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और राजभाषा की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियां निभाने हेतु कृतसंकल्प हैं ।

**पेसो, नागपुर को** टी क्यू सर्विसेस (टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का प्रभाग), हैदराबाद द्वारा दिनांक 11 मार्च 2014 को **आयएसओ 9001:2008 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हैं ।**

कार्यालय राजभाषा नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित है और लगभग सभी अधीनस्थ कार्यालय अधिसूचित किए जा चूके हैं । चूंकि यह संगठन का मुख्यालय हैं अत: मंत्रालय, आदि से प्राप्त विभिन्न निर्देश, पत्रादि सभी अंचल कार्यालयों को प्रेषित कर सभी कार्य का मानिटरिंग किया जाता हैं । जन संपर्क कार्यालय होने के कारण आगंतुको हेतु आगंतुक पास, अधिकारियों के विजिटिंग कार्ड्स द्विभाषी जारी किए जा रहें है । प्रतिदिन सूचना फलक पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में सुविचार लिखा जाता है एवं राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे है जिसमें आयटी टूल्स का प्रभावी प्रयोग किया जा रहा है-

### ऑनलाईन अनुज्ञप्ति मॉड्युल का द्विभाषीकरण (राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन) -

राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन करते हुए संगठन के लगभग सभी ऑनलाईन अनुज्ञप्ति मॉड्युल्स का द्विभाषीकरण कर सभी अनुज्ञप्तियां द्विभाषी जारी की जा रही हैं।

### राजभाषा कार्यान्वयन - कंप्यूटर/आय टी टूल्स का प्रयोग-

हिंदी का और अधिक प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए संगठन द्वारा हिंदी प्रयोग के लिए **मानक भाषा एनकोडिंग - यूनिकोड** का प्रयोग किया जा रहा है । सभी कंप्यूटर्स यूनिकोड समर्थित किए गए हैं । संगठन में कंप्यूटरीकरण के अंतर्गत यांत्रिक और इलेक्ट्रानिक उपकरणों का प्रयोग कार्यालयीन कार्य में किया जा रहा है और इसी दौर में नई सुविधाएं जैसे द्विभाषी मॉड्युल्स, वेबसाईट, ई-मेल, इंटरनेट, सपोर्ट साईट का प्रयोग राजभाषा के प्रचार-प्रसार में गति प्रदान कर रहा है । मंत्रालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण निदेशों, पत्रों इत्यादी को हिन्दी अधिकारी के ई-मेल आय डी द्वारा तथा संगठन की सपोर्ट साईट के माध्यम से सभी संबद्ध/अधिनस्थ कार्यालयों को यथाशीर्घ अनुपालना हेतु प्रेषित किए जाते है । इस तरह संगठन पूर्ण रूप से कंप्यूटरिकृत हैं ।

### ऑनलाईन तिमाही प्रगति रिपोर्ट मॉड्युल का सृजन-

संगठन में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाईन मॉड्युल बनाकर अंचल कार्यालय की तिमाही रिपोर्ट ऑनलाईन प्राप्त कर समीक्षा की जा रही हैं।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में राजभाषा विभाग की वेबसाईट पर सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से वर्ष 2013 से वर्तमान तक सभी तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय को ऑनलाईन प्रेषित की जा रही हैं।

**वेबसाईट का द्विभाषीकरण:-**

संगठन की वेबसाईट (www.peso.gov.in) का द्विभाषीकरण लगभग पूर्ण कर लिया गया हैं । वेबसाईट पर राजभाषा की गतिविधियों को दर्शाता शीर्ष - **राजभाषा** बनाया गया हैं । इस शीर्ष के अंतर्गत राजभाषायी गतिविधियां, उपलब्धियां, राजभाषायी अधिसूचना, आदि दर्शाए गए हैं ताकि राजभाषा का प्रचार-प्रसार सुविधाजनक हो ।

राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यालय के सूचना फलक पर प्रतिदिन एक शब्द/सुविचार द्विभाषी दर्शाया जाता हैं मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने हेतु कर्मचारियों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी प्रोत्साहन योजना लागू है एवं प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिन्दी पखवाडा कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया । वर्ष के दौरान कार्यालयीन कार्य में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता लाने के उद्येश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सभी को अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करने हेतु प्रेरित किया जाता हैं।

**तिमाही बैठको का आयोजन -**

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की न्युनतम 4 बैठको का आयोजन किया गया और हर तिमाही के लिए एक कार्ययोजना बनाई गई । इस संदर्भ में, की गई कार्रवाई की जानकारी आगामी तिमाही बैठक में दी गई जिसके द्वारा एक समयबद्ध  कार्ययोजना का कार्यान्वयन हो रहा है ।

राजभाषा नीतियों एवं विनियम के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतुं मंत्रालय से प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम के आधार पर जांच बिन्दु बनाएं गए तथा बैठक में सभी अधिकारियों एवं शाखा प्रमुखो को अनुपालनार्थ इसकी प्रतियां वितरित की गई ।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी निदेशानुसार राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कर्मचारियों को कठिन हिन्दी के बजाय सरल एवं सहज हिन्दी का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है।

**न.रा.का.स.,नागपुर की बैठको, आदि आयोजनो में सहभाग**

राजभाषा हिन्दी की प्रगति हेतु नराकास द्वारा बुलाई गई बैठकों मे कार्यालय के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से सहभाग लिया जाता है । न.रा.का.स., नागपुर की दोनो छमाही बैठको में डॉ. एस. कमल, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, डॉ योगेश खरे, विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी तथा श्रीमती वैशाली चिरडे ,हिन्दी अधिकारी द्वारा भाग लिया गया ।  इसके अलावा नराकास, नागपुर द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो जैसे- अंतर्कार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाए, आदि मे भी सक्रिय रूप से भाग लिया । नराकास के क्रियाकलापों के लिए रू 10,000/- अंशदान दिया गया ।

**हिन्दी सलाहकार समिति की बैठकों में सहभाग**

दिनांक **21/05/2015 को** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, नई दिल्ली में आयोजित हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक में श्री पी. सी. श्रीवास्तव, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने भाग लिया ।

**विश्व हिन्दी सम्मेलन, भोपाल में हि.अ. द्वारा सहभाग**

श्रीमती वैशाली एस. चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 10-12 सितंबर 2015 को भोपाल में आयोजित 10 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में  भाग लिया ।

**<u>हिन्दी कार्यशालाओ का आयोजन-</u>**

- दि. 02.06.2015 "औषधी-मुक्त जीवन और तनाव प्रबंधन (वैकल्पिक इलाज की अवधारणा)" विषय पर डॉ. कपील रघटाटे, नैशनल एजुकेशन, नागपुर द्वारा हिन्दी कार्यशाला संबोधित की गई।
- दि. 14.09.2015 को श्री सतीश दुबे, वरि. लेखाकार, महालेखाकार कार्यालय (लेखा व हकदारी) द्वारा *हिन्दी दिवस की पृष्ठभूमि - राजभाषा अधिनियम एवं उसका कार्यान्वयन”* विषय पर कार्यशाला संबोधित की गई ।
- दि. 22.09.2015को *जीवन की गुणवत्ता और सकारात्मक जीवन शैली* विषय पर प्रजापिता ब्रह्मा ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा हिन्दी कार्यशाला संबोधित की ।
- दि. 26.11.2015 को संविधान दिवस की उपलक्ष्य में कार्यालय में संविधान दिवस मनाते हुए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे अंबेडकर कॉलेज, नागपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वर्षा देशपांडे द्वारा बेहद प्रभावी संबोधन किया गया ।
- दि. 23.03.2016 को कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली एस. चिरडे, द्वारा “कंप्यूटर पर हिन्दी में कार्यालयीन कार्य” विषय से संबंधित हिन्दी प्रशिक्षण दिया गया।

## न.रा.का.स., नागपुर के तत्वावधान में पेसो, नागपुर में अंतर कार्यालयीन प्रतियोगिता “चित्र पर आधारित काव्य लेखन” का आयोजन





नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(न.रा.का.स.), नागपुर के तत्वावधान में दिनांक 4/08/2015 को अपनाह्न 03.00 बजे राजभाषा के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से “चित्र पर आधरित काव्य लेखन”प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें नागपुर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों/ उपक्रम/ निगम/ आदि कार्यालयों के 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

सर्वप्रथम डॉ. योगेश खरे, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा अन्य जानकारी दी गई । इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए श्री डी.के. गुप्ता, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा प्रतियोगिता हेतु चयनित चित्र - *अब्दुल कलाम साहब को श्रद्धांजलि देता एक चित्र* प्रदर्शित किया गया । न.रा.का.स., नागपुर के निर्देशों के अनुपालन में श्री तेजवीर सिंह, हिन्दी अनुवादक, निदेशक लेखा (डाक) कार्यालय, नागपुर को प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक/ परीक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया था ।

## पेसो, नागपुर द्वारा वर्ष 2015-2016 में किए गए

## राजभाषायी निरीक्षण

| अनुक्र. | निरीक्षण की तारीख | कार्यालय- जिसका राजभाषायी निरीक्षण किया | निरीक्षण अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | 17.04.2015 | उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, भुवनेश्वर | श्री पी.सी. श्रीवास्तव, तत्कालीन मु.वि.नि. |
| 2. | 13.07.2015 | उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, जयपुर | डॉ. एस. कमल, मु.वि.नि. |
| 3. | 31.07.2015 | संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, फरीदाबाद | डॉ. एस. कमल, मु.वि.नि. |
| 4. | 03.08.2015 | उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, गुवाहाटी | श्री ए. के. कुंज, उप-मु.वि.नि. |
| 5. | 20.08.2015 | संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, कोलकाता | श्री ए. के. कुंज, उप-मु.वि.नि. |
| 6. | 09.09.2015 | उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, भोपाल | श्रीमती वैशाली एस. चिरडे, हिन्दी अधिकारी |
| 7. | 18.02.2016 | उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, सिवाकासी | डॉ. एस.एम. मन्नन, वि.नि. |